राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: <u>प्रेस–नोट</u> :–

दिनांकः 20.01.2025

आयोग द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड–II एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग–IV प्रतियोगी परीक्षा, 2022 (स्वायत्त शासन विभाग) का पुनः आयोजन दिनांक 23.03.2025 को करवाया जाना प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार पुनः **दिनांक 21.01.2025 से 30.01.2025 तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पिता के नाम, जन्म तिथि व लिंग के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।** संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal का चयन कर संबंधित परीक्षा के आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षा हेतु केवल ऑनलाइन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उपरोक्त ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधामात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी। उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर **recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in** पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी प्रेस–विज्ञप्ति, दिनांक 10.01.2025 के क्रम में जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में निःशुल्क संशोधन नहीं किया गया है, ऐसे अभ्यर्थियों को दिनांक 21.01.2025 से 30.01.2025 तक 500/– रूपये का शुल्क जमा कराते हुये संशोधन किये जाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

(रामनिवास मेहता)
सचिव